इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 372] भोपाल, बुधवार, दिनांक 3 अगस्त 2011—श्रावण 12, शक 1933

राजस्व विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 3 अगस्त 2011

सूचना

क्र. एफ. 1-4-2011-सात-6.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1989 (क्रमांक 20 सन् 1959) की धारा 13 की उपधारा (2) के परन्तुक में अन्तर्विष्ट उपबंध के अनुसरण में, एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, **एक नवीन तहसील बहरी, जिला सीधी** सृजित करने हेतु निम्न अनुसूची के कालम (5) में उल्लेखित किये गए अनुसार वर्तमान तहसील सिंहावल, जिला सीधी की सीमाओं को परिवर्तित करने हेतु कॉलम क्रमांक (2) में दर्शाई तहसील को कॉलम (3) में दर्शाये उसके नाम से मुख्यालय से उसकी स्थापना करने तथा उक्त अनुसूची के कॉलम (6) में उल्लेखित किए अनुसार नवीन तहसील की सीमायें निर्धारित करने का प्रस्ताव करता है. इस प्रस्ताव पर "मध्यप्रदेश राजपत्र" में इस सूचना के प्रकाशित होने की दिनांक से 60 दिवस समाप्त होने पर विचार किया जायेगा और उसके संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव उक्त कालावधि समाप्त होने के पूर्व प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग को भेजे जा सकेंगे :—

अनुसूची

क्र.	प्रस्तावित तहसील	मुख्यालय	वर्तमान तहसील	परिवर्तन का प्रकार	सीमाएं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	बहरी	बहरी	सिंहावल	वर्तमान तहसील सिंहावल के राजस्व निरीक्षक मंडल देवगंवा, का प.ह.नं. 1 से 54 एवं राजस्व ग्राम 161 है.	**पूर्व**—तहसील चितरंगी एवं देवसर, जिला सिंगरौली. **पश्चिम**—तह. गोपद बनास, जिला सीधी की सीमाएं. **उत्तर**—सोन नदी **दक्षिण**—गोपद नदी

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
2	सिंहावल	सिंहावल	सिंहावल	तहसील सिंहावल में राजस्व निरीक्षक मंडल 1 अमलिया प.ह. की संख्या 46 एवं राजस्व ग्राम की संख्या 152 होगी.	**पूर्व**—चितरंगी जिला सिंगरौली **पश्चिम**—तहसील चुरहट जिला सीधी **उत्तर**—तहसील हनुमना जिला रीवा **दक्षिण**—सोन नदी.

प्रस्तावित परिवर्तन यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से किया जा रहा है कि क्षेत्र का प्रशासन समुचित एवं प्रभावी रूप से किया जा सके.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
चन्द्रहास दुबे, सचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2011.